# कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, हमीरपुर (उ०प्र०)

## विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक 1928/S.F.C.M.Cell/Lucknow, Dated: 28.02.2026 तथा उ०प्र० शासन के शासनादेश सं० 102/Saat-Nyay-2-2015-728/86 Dated: 18.06.2015 के अनुसरण में न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, हमीरपुर (उ०प्र०) में परामर्शदाता के एक रिक्त पद पर नियुक्ति किये जाने हेतु आवेदनपत्र उत्तर प्रदेश शासन को अग्रसारित किये जाने हैं। इस संबंध में योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जिनकी अहर्ता/भर्ती प्रक्रिया संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी निम्नवत है:-

1. नियुक्त परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत ₹1,000/- प्रति कार्य-दिवस अथवा ₹24,000/- प्रतिमाह, जो भी कम हो, का मानदेय देय होगा।
2. यह प्रयास किया जायेगा कि अभ्यर्थी उसी जिले से संबंधित हो, जहां पर परिवार न्यायालय अवस्थित हो। यदि इस तरह का कोई अभ्यर्थी नहीं मिलता है तो उस दशा में दूसरे जिले के अभ्यर्थियों को परामर्शदाता के रूप में नियुक्त करने में कोई बाधा नहीं है।
3. शैक्षिक अर्हता हेतु अर्ह अभ्यर्थी समाज शास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की उपाधि धारित करता हो और उसे समाज सेवा का अनुभव हो। जो अभ्यर्थी समाजशास्त्र में परास्नातक की उपाधि धारित करता हो और परिवार न्यायालय में परामर्शदाता कार्य का न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव हो, उसे वरीयता दी जायेगी।
4. विज्ञापन की तिथि पर अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 35 वर्ष एवं अधिकतम आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. इस कार्यालय को आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरांत, उसे राज्य सरकार को प्रेषित किया जायेगा, जहां आवेदन पत्रों का परीक्षण किया जायेगा और यथासंभव 01 पद के सापेक्ष 05 अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जायेगी।
6. राज्य सरकार से अर्ह परामर्शदाता की सूची प्राप्त होने पर माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा परिवार एवं बाल विकास विभाग से संबंधित योग्य विशेषज्ञों से विचार-विमर्श के उपरांत योग्य अभ्यर्थियों के नाम की संस्तुति राज्य सरकार को प्रेषित होगी।
7. परामर्शदाता पद हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रेषित योग्य अभ्यर्थियों के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा विचार किया जायेगा। माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की संस्तुति के आधार पर उ०प्र० राज्य इस संबंध में अधिसूचना निर्गत करेगी।
8. परामर्शदाता का प्रारम्भिक कार्यकाल 03 वर्ष का होगा, जो माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की संस्तुति के आधार पर अग्रिम 03 वर्षों के लिए बढ़ाये जाने पर पुनर्विचार किया जा सकता है।
9. परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जायेगी और परामर्शदाता परिवार न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।

सुविधा एवं एकरूपता हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न किया जा रहा है। आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद न्यायालय, हमीरपुर (उ०प्र०) की आधिकारिक वेबसाइट https://hamirpurup.dcourts.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति सहित दिनांक 20.05.2026 तक कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, हमीरपुर (उ०प्र०) में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्राप्त कराये जा सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनपत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र के लिफाफे पर विषय के रूप में **"परामर्शदाता पद हेतु आवेदन पत्र"** अंकित किया जाये।

इस विज्ञप्ति का प्रचार-प्रसार जिला सूचना अधिकारी, हमीरपुर के माध्यम से समाचार पत्रों में प्रकाशन कराया जाए। साथ ही माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट पर विज्ञापन अपलोड किये जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को भी पत्र प्रेषित किया जाए। इसके अतिरिक्त विज्ञप्ति की एक प्रति जिला अधिवक्ता संघ, हमीरपुर को नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने हेतु भी प्रेषित की जाए।

सर्व संबंधित सूचित हों।

दिनांक: 05.05.2026

(पी०एन० पाण्डेय)
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, हमीरपुर

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—</u>**

1. प्रभारी अधिकारी नजारत, जनपद न्यायालय, हमीरपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति की प्रति न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
2. जिला सूचना अधिकारी हमीरपुर को इस आशय से प्रेषित कि स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ, हमीरपुर को इस आशय से प्रेषित कि विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
4. सिस्टम अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, हमीरपुर को इस आशय से प्रेषित कि विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय, हमीरपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

**न्यायालय की आज्ञा से,**
05-05-2026
(मुंसरिम)
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, हमीरपुर (उ०प्र०)

दिनांक: 05.05.2026

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, हमीरपुर (उ०प्र०) में परामर्शदाता पद पर नियुक्ति के सम्बन्ध में आवेदन पत्र का प्रारूप**

1. नाम आवेदक (हिन्दी में) ...............................................................................................
2. नाम आवेदक (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) ...............................................................
3. लिंग ............................................................................................................................
4. पिता/पति का नाम ........................................................................................................
5. जन्मतिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार) ...............................................................
6. आवेदक का स्थायी पता (पिन कोड सहित) ......................................................................
...........................................................................................................................................
7. आवेदक का वर्तमान पता (पिन कोड सहित) .....................................................................
...........................................................................................................................................
8. मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड नम्बर ..............................................................
9. टेलीफोन/मोबाइल नम्बर, ई–मेल ...................................................................................
10. जनपद ...........................................................................................................................
11. राज्य का नाम (आवेदक जिसका मूल निवासी है) ..........................................................
12. राष्ट्रीयता ......................................................................................................................
13. श्रेणी/उपजाति .................................................................................................................
14. अधिमानी योग्यता ..........................................................................................................
15. आवेदक की शैक्षिक योग्यता विवरण–

| क्र.सं. | शैक्षिक योग्यता | चयनित विषय | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक/कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |

(सुसंगत अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। स्नातक एवं उससे उच्चतर उपाधि में चयनित विषय का उल्लेख करना अनिवार्य है।)

16. समाज सेवा का अनुभव (यदि कोई हो) ...........................................................................
(सुसंगत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।)

17. पारिवारिक काउंसलिंग का अनुभव (यदि कोई हो) ...............................................................
(सुसंगत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।)

---

**घोषणा पत्र**

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि–

1. मैंने विज्ञप्ति में दी गयी पात्रता की शर्तें सावधानीपूर्वक पढ़ी हैं व सभी शर्तें मुझे मान्य हैं। वे शर्तें भी मैं पूरी करता/करती हूँ।
2. मेरे द्वारा इस आवेदन में दिये गये समस्त विवरण/सूचनायें सत्य एवं सही हैं। मैंने इस विवरण/सूचनाओं में कोई तथ्य नहीं छुपाया है। यदि कोई विवरण/सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाती है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसा तथ्य प्रकाश में आता है तो मेरी सेवायें भी समाप्त कर दी जायेंगी।

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर
पूरा नाम: ....................................
पता: ..........................................
दिनांक: .......................................
स्थान: .........................................